Serial Number ↓ | Roll No. | | SET / सेट **A**

**202510**

| Total Printed Pages : 16 |
|---|
| Total Questions : 23 |
| Time : 3 Hours |
| Maximum Marks : 80 |

# हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष - 2025

# Higher Secondary Examination (Main) - 2025

# बुक कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी
# BOOK KEEPING & ACCOUNTANCY

(Hindi & English Versions)

☞ **किसी भी प्रश्न के अंग्रेजी और हिंदी संस्करणों के बीच विसंगति के मामले में हिंदी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।**
**In case of discrepancy between the English and Hindi versions of any question, the Hindi version will be treated as final.**

निर्देश :

(i) सभी प्रश्न हल करना **अनिवार्य** हैं।
(ii) प्रश्न क्रमांक **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न **01** अंक का है। प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दर्शाये गये हैं।
(iii) प्रश्न क्रमांक **6** से **15** प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है। शब्द सीमा **30** शब्द।
(iv) प्रश्न क्रमांक **16** से **19** प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। शब्द सीमा **75** शब्द।
(v) प्रश्न क्रमांक **20** से **23** प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है। शब्द सीमा **120** शब्द।
(vi) प्रश्न क्रमांक **6** से **23** तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।
(vii) संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं है।

**Instructions :**

(i) All questions are **compulsory** to solve.
(ii) Question Nos. **1** to **5** are objective type questions. Each objective question carries **01** mark. Marks of each question are given before the question.
(iii) Question Nos. **6** to **15**, each question carries **02** marks. Word limit **30** words.
(iv) Question Nos. **16** to **19**, each question carries **03** marks. Word limit **75** words.
(v) Question Nos. **20** to **23**, each question carries **04** marks. Word limit **120** words.
(vi) Question Nos. **6** to **23** all questions have internal options.
(vii) There is no limit of words in numerical questions.



https://www.mpboardonline.com

1×6=6

1 सही विकल्प चुनिए और लिखिए :

(i) साझेदारी फर्म में सदस्यों की संख्या अधिकतम हो सकती है –

(अ) 100 (ब) 50

(स) 200 (द) 75

(ii) अधिलाभ क्या है?

(अ) असामान्य लाभ (ब) सामान्य लाभ

(स) सम्भाव्य लाभ (द) औसत लाभ का अपेक्षित लाभ पर आधिक्य

(iii) साझेदारी व्यवसाय किस अधिनियम द्वारा संचालित होता है?

(अ) भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1930

(ब) भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932

(स) कंपनी अधिनियम, 1956

(द) भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1931

(iv) फर्म के समापन पर अवितरित लाभों व संचयों को हस्तांतरित किया जाता है –

(अ) पूँजी खाते में (ब) बैंक खाते में

(स) साझेदार के पूँजी खाते में (द) लाभ/हानि खाते में

(v) संचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह का एक उदाहरण है –

(अ) ऋणपत्रों का निर्गमन

(ब) स्थायी संपत्तियों का विक्रय

(स) स्थायी जमा पर बैंक द्वारा दिया गया ब्याज

(द) अंशों का निर्गमन

(vi) अंशों की जब्ती के समय नामे (विकलित) किया जाता है –

(अ) अंश जब्ती खाता (ब) बैंक खाता

(स) अंशधारी का व्यक्तिगत खाता (द) अंश पूँजी खाता



https://www.mpboardonline.com

**Choose and write the correct option :**

**(i) The maximum number of members in a partnership firm must be -**

(a) 100 (b) 50

(c) 200 (d) 75

**(ii) Super Profit is -**

(a) Abnormal profit

(b) Normal Profit

(c) Contingent Profit

(d) Excess of average profit over expected profit

**(iii) Partnership business operates as per provisions of -**

(a) Indian Partnership Act, 1930

(b) Indian Partnership Act, 1932

(c) Company Act, 1956

(d) Indian Partnership Act, 1931

**(iv) At the time of dissolution undistributed profit and reserve are transferreed to -**

(a) Capital A/c (b) Bank A/c

(c) Partners' Capital A/c (d) Profit / Loss A/c

**(v) An example of cash flow from operating activities is -**

(a) Issue of debentures

(b) Sale of fixed assets

(c) Interest paid by bank on term deposits

(d) Issue of shares

**(vi) When shares are forfeited we debited -**

(a) Share Forfeiture A/c (b) Bank A/c

(c) Shareholder's Personal A/c (d) Share Capital A/c



https://www.mpboardonline.com

**2** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **1×6=6**

(i) साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदारों के मध्य लाभ/हानि विभाजन ________ अनुपात में करते हैं।

(ii) कंपनी विधान द्वारा निर्मित ________ व्यक्ति है।

(iii) चालू दायित्वों को निपटारा ________ माह भीतर किया जाता है।

(iv) जिन ऋणपत्रों का शोधन कंपनी के जीवनकाल में नहीं किया जा सकता है, उन्हें ________ ऋणपत्र कहते हैं।

(v) अंशों पर जब्ती का फैसला कम्पनी के ________ द्वारा किया जाता है।

(vi) जीवन बीमा संचय कोष को ________ खाते में हस्तांतरित करते हैं।

**Fill in the blanks :**

(i) In the absence of a partnership deed the distribution of profit/loss between partners is done in the ________ ratio.

(ii) Company is an ________ person created by Law.

(iii) Current liabilities are settled within ________ month.

(iv) The debentures which can not be redeemed during the life of the Company are called ________ debentures.

(v) The decision of forfeiting the shares is taken by ________ of Company.

(vi) Life Insurance reserve fund is transferred to ________ A/c.



https://www.mpboardonline.com

3 सत्य / असत्य लिखिए : 1×6=6

(i) प्रत्येक साझेदार में अनुबंध करने की क्षमता होनी चाहिए।

(ii) ख्याति एक बिक्री योग्य संपत्ति है।

(iii) रोकड़ प्रबंधन रोकड़ प्रवाह नहीं है।

(iv) समता अंशधारी को कंपनी के सभी मामलों में मत देने का अधिकार होता है।

(v) व्यापार चिह्न चालू संपत्तियां होती हैं।

(vi) उच्च संचालन अनुपात सदैव अच्छा माना जाता है।

**Write True / False :**

(i) Each partner must have capacity to contract.

(ii) Goodwill is a saleble assets.

(iii) Cash management is not cash flow.

(iv) Equity shareholders have the right to vote on all matters of the Company.

(v) Trade marks are treated as current assets.

(vi) High operating ratio is considered always better.

4 सही जोड़ी बनाइए : 1×7=7

| | |
|---|---|
| (i) सुपुर्दगी द्वारा हस्तांतरण | (1) स्थायी होता है |
| (ii) वसूली खाते में संपत्तियां दर्शायी जाती हैं | (2) संचय एवं आधिक्य शीर्षक में दर्शायी जाती है |
| (iii) कंपनी का अस्तित्व | (3) वाहक ऋणपत्र |
| (iv) निर्गमित अंशों से अधिक के लिए आवेदन प्राप्त होना | (4) पुस्तक मूल्य पर |
| (v) साझेदारी संलेख के अभाव में | (5) अतिअभिदान |
| (vi) ऋणपत्रों का प्रतिफल | (6) पूँजी पर ब्याज नहीं दिया जाता |
| (vii) सिक्यूरिटीज प्रीमियम रिजर्व | (7) ब्याज |



https://www.mpboardonline.com

**Match the correct columns :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Transfer through delivery | (1) | Permanent |
| (ii) | The assets are shown in Realisation A/c | (2) | Is shown in reserve and surplus heading |
| (iii) | A company has a perpetual | (3) | Bearer debentures |
| (iv) | Applications received in excess of issued shares | (4) | At book values |
| (v) | In absence of partnership deed | (5) | Over subscription |
| (vi) | Return of debentures | (6) | No interest paid on capital |
| (vii) | Securities premium reserve | (7) | Interest |

5 **एक शब्द/वाक्य में उत्तर लिखिए :** **1×7=7**

(i) साझेदारों के चालू खाते कब बनाये जाते हैं?

(ii) जब नया साझेदार ख्याति के लिए प्रीमियम की राशि नगद लाता है, तो यह किसको किस अनुपात में वितरित की जाती है?

(iii) मृत साझेदार की देय रकम का भुगतान किसे किया जाता है?

(iv) भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स संस्थान द्वारा रोकड़ बहाव विवरण के संबंध में कौन-सा लेखांकन मानक जारी किया गया है?

(v) अंशों पर प्राप्त प्रीमियम की राशि किस प्रकार की प्राप्ति होती है?

(vi) लेखांकन अनुपात में किस बात को अभिव्यक्त किया जाता है?

(vii) ख्याति के मूल्यांकन का आधार क्या है?



https://www.mpboardonline.com

**Write answer in one word/sentence :**

(i) When are partners' current accounts prepared?

(ii) When a new partner brings premium in cash to whom is it distributed and in which ratio?

(iii) To whom is the payment of the deceased partners share made?

(iv) Which accounting standard is issued by Institute of Chartered Accountants of India for cash flow statement?

(v) What type of receipts is the premium received on share?

(vi) What does accounting ratio signify?

(vii) What is the basis of valuation of goodwill?

6 साझेदारी के कोई दो लक्षण लिखिए। 2

Write any two features of Partnership.

अथवा / **OR**

साझेदारी संलेख क्या है?

What do you meant by Partnership deed?

7 अमायरा और अनाया साझेदार हैं वे 3 : 2 के अनुपात में लाभ विभाजित करते हैं। वे अमन को 1/5 भाग के लिए फर्म में प्रवेश देते हैं। जिसे वह आमयरा और अनाया से बराबर अनुपात में प्राप्त करता है। अमायरा, अनाया और अमन के लिए नये लाभ विभाजन अनुपात की गणना कीजिए। 2

Amayra and Anaya are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. They admit Aman as a new partner for $1/5^{th}$ share in the future profits of the firm which he gets equally from Amayra and Anaya. Calculate new profit sharing ratio of Amayra, Anaya and Aman.

अथवा / **OR**



https://www.mpboardonline.com

गोलू और धीरू एक फर्म में साझेदार हैं जो 5 : 3 के अनुपात में लाभ विभाजित करते हैं। वे सर्वेश को लाभ में 1/7 भाग के लिए फर्म में शामिल करते हैं तथा फर्म के भावी लाभ को 4 : 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय लेते हैं। गोलू और धीरू के त्याग अनुपात की गणना कीजिए।

Golu and Dheeru are partners in a firm sharing profits in ratio of 5 : 3. They admit Sarvesh as a new partner for 1/7 share in the profit. The new profit sharing ratio will be 4 : 2 :1. Calculate the sacrificing ratio of Golu and Dheeru.

8 ख्याति का आशय लिखिए। **2**

Write the meaning of Goodwill.

**अथवा / OR**

एक साझेदारी फर्म का पुनर्गठन किन कारणों से होता है? लिखिए। (कोई दो )

Write the casuses of reconstitution of a partnership firm. (any two)

9 शुभम, शिवानी और सलोनी 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बांटने वाले साझेदार हैं। सलोनी फर्म से अवकाश ग्रहण करती है। शुभम और शिवानी भविष्य में 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटेंगे, उनके लाभ प्राप्ति अनुपात की गणना कीजिए। **2**

Shubham, Shivani and Saloni are partners in a firm sharing profit and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Saloni retires from the firm. Shubham and shivani decided to share future profit and losses in the ratio of 2 : 1. Calculate their gaining ratio.

**अथवा / OR**

वैधानिक उत्तराधिकारी से क्या आशय है?

What is meant by legal representative?



https://www.mpboardonline.com

10 फर्म के आकस्मिक समापन की कोई दो दशाओं को लिखिए।

Write any two conditions of dissolution on contingency of a firm.

अथवा / OR

फर्म के विघटन और साझेदारी के विघटन में कोई दो अंतर लिखिए।

Write any two differences between Dissolution of firm and Dissolution of partnership.

11 समता अंशों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

Write any two characteristics of Equity shares.

अथवा / OR

'अग्रिम याचना' किसे कहते हैं?

What is meant by 'Calls in Advance'?

12 शून्य कूपन दर वाले ऋणपत्र का क्या अर्थ है?

What do you meant by Zero Coupon Rate debentures.

अथवा / OR

'सुरक्षित ऋणपत्र' का अर्थ लिखिए।

Write the meaning of 'Secured debenture'.

13 वित्तीय विवरण का आशय समझाइए।

Explain meaning of financial statement.

अथवा / OR

वित्तीय विवरण की कोई दो विशेषताएं समझाइए।

Explain any two characteristics of financial statement.



https://www.mpboardonline.com

14 निम्नलिखित सूचनाओं से चल अनुपात की गणना कीजिए :

(1) व्यापारिक देय ₹ 40,000

(2) कार्यशील पूँजी ₹ 7,20,000

(3) चल दायित्व ₹ 2,40,000

Calculate Current Ratio from the following information :

(1) Trade payables ₹ 40,000

(2) Working Capital ₹ 7,20,000

(3) Current Liabilities ₹ 2,40,000

**अथवा / OR**

लेखांकन अनुपात की कोई दो सीमाएं लिखिए।

Write any two limitations of Accounting Ratio.

15 वित्तीय क्रियाओं से क्या समझते हैं?

What is meant by Financing activities?

**अथवा / OR**

विनियोग कब रोकड़ तुल्य माना जाता है?

When does investment become cash equivalents?

16 रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने के उद्देश्य लिखिए।

Write the objects of preparing Cash flow statement.

**अथवा / OR**

आंतरिक रोकड़ प्रवाह के उदाहरण लिखिए।

Write examples of cash inflows.



https://www.mpboardonline.com

17 गुप्ता लिमिटेड ने 100 ₹ के 10,000, 12% ऋणपत्र जारी किये जिसमें आवेदन पर 30 ₹ और आवंटन पर शेष राशि देय है। जनता ने 9000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन किया, जो पूर्णतः आवंटित किये गये और उपयुक्त अपेक्षित आवंटन राशि प्राप्त की गई। गुप्ता लि. की पुस्तक में प्रविष्टियां कीजिए। 3

Gupta Limited issued 10,000, 12% debentures of ₹ 100 each payable ₹ 30 on application and remanining amount on allotment. The public applied for 9000 debentures which were fully allotted and all the relevant allotment money was duly received. Give journal entries in the book of Gupta Ltd.

**अथवा / OR**

अंशधारी और ऋणपत्रधारी में कोई तीन अंतर लिखिए।

Write any three differences between Shareholder and Debentureholder.

18 निम्नांकित मुख्य शीर्षक में कौन–कौन सी मदें लिखी जाती हैं : (कोई दो) 3

(1) अंशधारियों के कोष

(2) गैर–चालू दायित्व

(3) चालू दायित्व

Which items are shown under the following main heads : (any two)

(1) Shareholder's funds

(2) Non-current liabilities

(3) Current liabilities

**अथवा / OR**

गैर–चालू सम्पत्ति व चालू सम्पत्ति में किन मदों को शामिल किया जाता है?

Write, which items are included in Non-current Assets and Current Assets.



https://www.mpboardonline.com

19 प्रमोद लि. ने 20000 समता अंशों को 20 ₹ प्रति अंश 10% प्रीमियम पर जारी करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये। संपूर्ण राशि आवेदन पर देय थी। सभी अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 3

Pramod Ltd. invited applications for issuing 20000 equity shares of ₹ 20 each at a premium of 10%. The full amount was payable on application. The issue was fully subscribed. Pass neccessary journal entries.

**अथवा / OR**

अंशों के हरण के प्रभाव लिखिए।

Write effects of forfeiture of shares.

20 संजीव एवं नाहर लाभ एवं हानि का विभाजन 2 : 1 अनुपात में करते हैं। उन्होंने 1 जनवरी, 2016 को अपनी फर्म में जैन को 1/10 भाग का भागीदार बनाते है और उसे कम से कम 25,000 ₹ लाभ की गारंटी देते हैं। संजीव एवं नाहर अपना नया अनुपात पूर्ववत् ही रखते है, परंतु जैन की गारंटी के खाते में कोई कमी आने पर उसे क्रमशः 3 : 2 के अनुपात में वहन करने पर सहमत हो जाते हैं। वर्ष की समाप्ति पर 31 दिसंबर, 2016 को फर्म को 1,20,000 ₹ लाभ प्राप्त होता है। इसके लिए लाभ–हानि नियोजन खाता तैयार कीजिए। 4

Sanjeev and Nahar share profits and losses in the ratio of 2 : 1. From January 1st, 2016, they admit Jain into their firm who is to be given a share of 1/10 of the profits with a guaranteed minimum of ₹ 25,000. Sanjeev and Nahar continue to share profits as before but agree to bear any deficiency on account of guarantee to Jain in the ratio of 3 : 2 respectively. The profit of the firm for the year ending December 31, 2016 amounted to ₹ 1,20,000. Prepare Profit and Loss Appropriation Account.

**अथवा / OR**

भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 के उन मुख्य प्रावधानों की व्याख्या कीजिए जो साझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में लागू होते हैं।

Discuss the main provisions of the Indian Partnership Act, 1932 that are relevant to partnership accounts if there is no partnership deed.



https://www.mpboardonline.com

एक व्यवसाय की लेखा पुस्तक यह दर्शाती है कि 31 दिसंबर, 2015 को 5,00,000 ₹ फर्म की विनियोजित पूँजी है और पिछले 5 वर्षों का लाभ इस प्रकार है : **4**

| वर्ष | लाभ |
|---|---|
| 2011 | ₹ 75,000 |
| 2012 | ₹ 95,000 |
| 2013 | ₹ 20,000 (हानि) |
| 2014 | ₹ 70,000 |
| 2015 | ₹ 80,000 |

आप व्यवसाय के अधिलाभ के 3 वर्षों के क्रय के आधार पर ख्याति की गणना कीजिए। जिसकी प्रतिफल की सामान्य दर 10% दी है।

The books of a business showed that the firm's capital employed on December 31, 2015 ₹ 5,00,000 and the profit for the last five years were : https://www.mpboardonline.com

| Years | Profit |
|---|---|
| 2011 | ₹ 75,000 |
| 2012 | ₹ 95,000 |
| 2013 | ₹ 20,000 (Loss) |
| 2014 | ₹ 70,000 |
| 2015 | ₹ 80,000 |

You are required to find out the value of goodwill based on 3 years' purchase of the super profit of the business. Given that the normal rate of return is 10%.

अथवा / **OR**

विद्यमान साझेदारी फर्म में नये साझेदार के प्रवेश के कारण लिखिए।

Write the reasons for admission of a new partner in an existing partnership firm.



https://www.mpboardonline.com

22 अभी, सौम्या व रति एक फर्म में 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि का विभाजन करने वाले साझेदार हैं। 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष का चिट्ठा निम्न है : 4

**चिट्ठा 31-03-2015**

| दायित्व | राशि (₹) | सम्पत्ति | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| बैंक अधिविकर्ष | 5,000 | रोकड़ | 10,000 |
| देय विपत्र | 7,000 | देनदार | 20,000 |
| लेनदार | 8,000 | स्टॉक | 20,000 |
| पूँजी : | | उपस्कर | 20,000 |
| अभी | 30,000 | मशीन | 10,000 |
| सौम्या | 20,000 | | |
| रति | 10,000 | | |
| | **80,000** | | **80,000** |

31 मार्च, 2015 को रति फर्म से सेवा निवृत्त निम्नलिखित शर्तों से होती है।

(1) मशीन का मूल्यांकन 10% तथा स्टॉक का मूल्यांकन 15% कम होगा।

(2) देनदारों पर 5% डूबत ऋण अनामत का प्रावधान करना है।

(3) लेनदारों पर 5% बट्टा अनामत का प्रावधान करना है।

पुनःमूल्यांकन खाता तैयार कीजिए।

Abhi, Somya and Rati are partners in a firm in the ratio of 3 : 2 : 1. Their Balance Sheet on 31st March, 2015 is as under :

**Balance Sheet as on 31-03-2015**

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Bank overdraft | 5,000 | Cash | 10,000 |
| Bills payable | 7,000 | Debtors | 20,000 |
| Creditors | 8,000 | Stock | 20,000 |
| Capital : | | Furniture | 20,000 |
| Abhi | 30,000 | Machine | 10,000 |
| Somya | 20,000 | | |
| Rati | 10,000 | | |
| | **80,000** | | **80,000** |



https://www.mpboardonline.com

Rati retires on 31st March, 2015 on the following terms.

(i) Reduce the value of machine by 10% and stock by 15%.

(ii) Create a provision for bad debts reserve on debtors 5%.

(iii) Create a provision for discount reserve on creditors 5%.

Prepare Revaluation Account.

**अथवा / OR**

विद्यमान साझेदारी फर्म में से साझेदार के निवृत्ति की परिस्थितियाँ लिखिए।

Write the circumstances for retirement of a partner in an existing partnership firm.

23 पूर्वाधिकार अंशों के प्रकार समझाइए।

Discuss the kinds of Preference shares.

**अथवा / OR**

जायसवाल लिमिटेड ने एक अंशधारी के 10 ₹ वाले पूर्ण याचित 30 अंशों को जब्त कर लिया। अंशधारी ने आवेदन पत्र के 3 ₹ प्रति अंश तो दे दिये थे लेकिन आवंटन के 4 ₹ एवं अंतिम याचना के 3 ₹ प्रति अंश न दे सका। सभी जब्त अंश गोल्डी को 10 ₹ प्रति अंश अंकित मूल्य पर पुनःनिर्गमित कर दिये गये। अंशों के हरण और पुनःनिर्गमन की जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।



https://www.mpboardonline.com

Jaiswal Ltd. forfeited 30 shares of ₹ 10 each fully called up held by a shareholder for non-payment of allotment money ₹ 4 per share and final call of ₹ 3 per share. He has paid the application money of ₹ 3 per share. These share were reissued to Goldi for its face value ₹ 10 each. Give Journal entries for the forfeiture and reissue of shares.



https://www.mpboardonline.com